सांध्य दैनिक
# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट
*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com
वर्ष : 9 अंक : 220 | इंदौर, सोमवार 19 फरवरी, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## Headline

1. PM Modi UP : पीएम मोदी बोले- अगर मंदिर बन रहे हैं तो देशभर में नए मेडिकल कॉलेज भी हो रहे हैं तैयार
2. Kisan Andolan: केंद्र सरकार चार और फसलों पर MSP देने को तैयार, पांच साल के लिए करना होगा करार
3. शंभू बॉर्डर से ग्राउंड रिपोर्ट: 300 KM की यात्रा कर साइकिल से आए सुखविंदर, निहंग सिंहों का जत्था भी पहुंचा
4. SC: संदेशखाली पर संसद की विशेषाधिकार समिति की कार्यवाही पर सुप्रीम कोर्ट की रोक, लोकसभा सचिवालय को नोटिस जारी
5. IND vs ENG: 'तीन फैसले हमारे खिलाफ गए...', बैजबॉल की धज्जियां उड़ीं तो स्टोक्स ने DRS को घेरा, लगाए गंभीर आरोप
6. UP Politics: नई पार्टी का गठन करेंगे स्वामी प्रसाद मौर्य, नाम व झंडा लॉन्च किया, तालकटोरा में करेंगे रैली

# नाथ पर असमंजस

## मप्र प्रदेश प्रभारी ने कल बुलाई विधायकों की बैठक, वन टु वन चर्चा करेंगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल/दिल्ली। MP के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ और उनके बेटे सांसद नकुलनाथ के BJP में शामिल होने की अटकलों के बीच कांग्रेस एकजुटता दिखाने का प्रयास कर रही है। प्रदेश प्रभारी भंवर जितेंद्र सिंह ने मंगलवार को बैठक बुलाई है। सभी विधायक और वरिष्ठ नेता इस बैठक में मौजूद रहेंगे। एमपी कांग्रेस में टूट की खबरों को लेकर प्रदेश प्रभारी भंवर जितेंद्र सिंह को जिम्मेदारी दी गई है। जितेंद्र सिंह कल मंगलवार को राजधानी भोपाल आएंगे। जहां वे विधायकों से वन टु वन चर्चा करेंगे। भंवर सिंह कल सुबह 10.30 बजे विधायकों की बैठक लेंगे। बताया जा रहा है कि विधायकों को लोकसभा चुनाव और भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर चर्चा करने का बोलकर बुलाया गया है।

कमलनाथ के करीबी और पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा ने रविवार को मीडिया से कहा, 'कमलनाथ ने कहा कि उन्होंने (पार्टी छोड़ने के बारे में) ऐसा कुछ भी नहीं सोचा है। अभी उनका फोकस इस बात पर है कि मध्यप्रदेश की 29 लोकसभा सीटों पर जातीय समीकरण कैसे होंगे। कमलनाथ के BJP में जाने की बात मीडिया की उपज है। वे कहीं नहीं जा रहे हैं।'

वहीं, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा, 'मेरी कमलनाथ जी से बात हुई है। उन्होंने कहा कि मीडिया में जो बातें आ रही हैं, ये भ्रम हैं। मैं कांग्रेसी था, हूं और रहूंगा।'

हालांकि, देर रात तक कमलनाथ की तरफ से कोई बयान नहीं आया कि वे कांग्रेस में रहेंगे या भाजपा में शामिल होंगे। उन्होंने सुबह दिल्ली में अपने आवास से निकलते वक्त मीडिया से सिर्फ इतना ही कहा था, 'अभी तो मेरी कहीं बात नहीं हुई है। मैं तेरहवीं में जा रहा हूं।'

### राहुल गांधी के फोन के बाद फंसा दल-बदल का पेंच

बताया जा रहा है कि राहुल गांधी ने रविवार को कमलनाथ से फोन पर चर्चा की। इसके बाद सियासी समीकरण बदल गए। राहुल ने नाथ से कहा कि आपने पार्टी और देश के लिए बहुत कुछ किया है। पार्टी ने हमेशा सम्मान किया है, आगे भी करती रहेगी।' इसी के बाद कथित दल-बदल पर पेंच फंस गया।

PCC अध्यक्ष जीतू पटवारी भी बोले कि कमलनाथ जी ने कहा है- जो बातें आ रही हैं, सब भ्रम है। लोकतंत्र में हार-जीत लगी रहती है। हर परिस्थिति में कांग्रेस के विचार के साथ जीवन जिया है और अंतिम सांस तक जिउंगा।



### सज्जन सिंह वर्मा ने की कमलनाथ से मुलाकात

रविवार को दिल्ली में कमलनाथ से मिलने के बाद सज्जन सिंह वर्मा ने कहा, 'अभी मेरी कमलनाथ जी से चर्चा हुई। वे चार्ट लेकर बैठे हुए थे कि मध्यप्रदेश में लोकसभा चुनाव के टिकट कैसे बांटे जाएं? जातीय समीकरण क्या होंगे? कमलनाथ ने कहा है कि अभी मेरा ऐसा (BJP में शामिल होने का) विचार नहीं है, न मैंने किसी से चर्चा की है। कमलनाथ जी ये कह रहे हैं कि ये सब मीडिया वालों का बनाया हुआ प्रश्न है। मैंने किसी मीडिया वाले से यह नहीं कहा कि मैं कहां जा रहा हूं?' वर्मा ने कहा- मैंने पूछा कि मीडिया वाले यह सवाल उठा रहे हैं तो कमलनाथ ने कहा कि मैंने किसी एक मीडिया वाले से यह कहा हो तो उसे मेरे सामने ले आओ। वे स्वयं बात उठा रहे हैं और स्वयं जवाब दे रहे हैं।

### नकुल और प्रियानाथ जॉइन कर सकते हैं BJP

सूत्रों की मानें तो कमलनाथ की बजाय उनके बेटे नकुलनाथ और बहू प्रियानाथ भाजपा जॉइन करेंगे। हालांकि, ये अब तक साफ नहीं हो पाया है कि उनकी BJP में जॉइनिंग कब होगी? वहीं, कमलनाथ BJP में शामिल होने की बजाय राजनीति से संन्यास या चुनावी राजनीति से दूर रहने की घोषणा कर सकते हैं। कमलनाथ ने शनिवार को दिल्ली पहुंचने के बाद मीडिया के सवालों पर ये जरूर कहा था कि अगर ऐसा कुछ हुआ तो मीडिया को सबसे पहले बता देंगे।

21 फरवरी को मुख्यमंत्री मोहन यादव का छिंदवाड़ा में दौरा प्रस्तावित है। सियासी जानकारों का कहना है कि इस दौरे पर कमलनाथ के कई समर्थक BJP की सदस्यता ले सकते हैं।

### परासिया विधायक ने कांग्रेस में ही रहने का आग्रह किया

छिंदवाड़ा के परासिया से कांग्रेस से दूसरी बार के विधायक सोहनलाल वाल्मिक ने कमलनाथ और नकुलनाथ से कांग्रेस में ही रहने का आग्रह किया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक विडियो जारी किया। वाल्मीकि ने कहा, आपने सदा कांग्रेस की मजबूती के लिए काम किया है। देश में आपके लाखों समर्थक हैं। छिंदवाड़ा की जनता हमेशा आपके साथ खड़ी है। मैं आपसे आग्रह करता हूं कि आगे भी आप कांग्रेस का नेतृत्व संभालें। लोकसभा में कांग्रेस को जितने के लिए काम करें।

# घर की छत को कर दिया हरा भरा

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

इंदौर। शहर के घरों में बागवानी के लिए अब ज्यादा जगह नहीं बची है। पहले घर के आगे या पीछे, पौधों के लिए जगह छोड़ी जाती थी, लेकिन धीरे-धीरे पौधों की जगह कमरों ने ले ली। हालांकि जिन्हें बागवानी का शौक होता है तो वह लोग पौधों के लिए जगह निकाल ही लेते हैं। ऐसा ही कुछ किया है प्रजापत नगर में रहने वाले दिनेश प्रजापति ने। दिनेश निजी कंपनी में काम करते हैं। वह इंडस्ट्री के आसपास लगे पेड़-पौधों और हरियाली से इतना प्रभावित हुए कि उन्हें भी बागवानी का चस्का लग गया। दिनेश पिछले 10 सालों से गार्डनिंग कर रहे हैं। शौक ऐसा कि पूरी छत को बगीचा बना दिया। शुरूआत करीब 20 पौधों से की और देखते ही देखते आज उनके पास 150 से अधिक गमलों में 50 से अधिक प्रजाति के पौधे हैं। इनमें हरे पत्तेदार पौधे ज्यादा हैं। उन्होंने गमलों के बीच एक झूला लगाया है। दिनेश कहते हैं कि यहां बैठकर लगता है कि सारी थकावट गायब हो गई है।

दिनेश ने बताया कि उन्होंने मुख्य रूप से डेकोरेटिव प्लांट ज्यादा उगाए हैं। इनमें हरे पत्तेदार वाले पौधे जैसे



स्पाइडर प्लांट,पॉम ट्री, गुलाब, ड्रेसेना लाइव प्लांट, रियो का पौधा, मनी प्लांट, लक्ष्मी पत्ती के पौधा, अरेलिआ, क्रिसमस ट्री, गुड़हल का पौधा शामिल हैं। उनका कहना है कि फ्लॉवरिंग और वेजिटेबल प्लांट में रखरखाव ज्यादा है। इस वजह से पत्तेदार पौधे ज्यादा लगाए हैं, ताकि घर में हरियाली रहे।

**परिवार के साथ गार्डनिंग पिकनिक से कम नहीं** दिनेश ने बताया कि गार्डनिंग का शौक ऐसा है जिसमें आप गर्मी, पसीना, थकावट सब भूलकर शिद्दत से मेहनत करते हैं। खिलते फूल, झूमती टहनियां आपको असली सुकून का अहसास कराते हैं। पहले यह शौक सिर्फ उन्हें था लेकिन धीरे-धीरे इसे पूरे परिवार ने अपना लिया। वह काम पर जाने से पहले रोज आधा घंटा पौधों की देखभाल करते हैं। रविवार को परिवार (पत्नी , दो बेटियां, बेटा) सुबह से दोपहर तक समय पौधों की कटिंग, छत की सफाई आदि करता है। इसी बहाने परिवार एक साथ समय भी गुजार लेता है। यह समय पिकनिक से कम नहीं होता है। घर में आने मेहमान पौधों से सजी छत देखकर अचंभित हो जाते हैं। वह हर मेहमान को एक पौधा गिफ्ट कर उन्हें भी बागवानी करने के लिए प्रेरित करते है। उनसे प्रेरित होकर आस-पास के कई लोगों ने बागवानी शुरू कर दी है।

दिनेश ने बताया कि उन्होंने मुख्य रूप से डेकोरेटिव प्लांट ज्यादा उगाए हैं। इनमें हरे पत्तेदार वाले पौधे जैसे स्पाइडर प्लांट,पॉम ट्री, गुलाब, ड्रेसेना लाइव प्लांट, रियो का पौधा, मनी प्लांट, लक्ष्मी पत्ती के पौधा, अरेलिआ, क्रिसमस ट्री, गुड़हल का पौधा शामिल हैं। उनका कहना है कि फ्लॉवरिंग और वेजिटेबल प्लांट में रखरखाव ज्यादा है। इस वजह से पत्तेदार पौधे ज्यादा लगाए हैं, ताकि घर में हरियाली रहे।

वह पौधों की बच्चों की तरह देखभाल करते हैं। गर्मी में पौधों को धूप से बचाने के लिए उन्होंने छत के आधे हिस्से में शेड बनवाया है और ग्रीन ग्रास की नेट लगा दी है, ताकि छत अधिक गरम न हो। साथ ही पौधे भी सुरक्षित रहें। वह पेस्टीसाइड के अलावा घरेलू वेस्ट से बनी खाद का इस्तेमाल करते हैं। पौधे को पानी देने के लिए हजार लीटर का वाटर टैंक भी लगाया है। जब छत पर जगह कम पड़ने लगी तो उन्होंने हैंगिंग गमलों का उपयोग करना शुरू कर दिया, ताकि ज्यादा से ज्यादा पौधे लगा सकें। छत हरी-भरी होने से रोज कई तरह के पंछी और गिलहरी आते हैं। उन्होंने इनके लिए दाना-पानी की व्यवस्था भी है।

## गर्म होने लगे दिन

### पारा 32 डिग्री के पार

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर।** अब दिन में अब तापमान तेजी से बढ़ रहा है । पिछले दो दिनों से दिन का तापमान में 3 डिग्री का उछाल आया है। इससे दिन में गर्मी बढ़ने लगी है। रात का तापमान भी आठ दिन से सामान्य से ज्यादा ही है। शनिवार से उत्तर भारत में एक वेस्टर्न डिस्टर्बेंस एक्टिव हुआ है। इसका असर प्रदेश में एक-दो दिनों में देखने को मिलेगा। हालांकि इससे इंदौर के मौसम में कोई खास बदलाव नहीं होगा। तापमान में मामूली उतार चढ़ाव जारी रहेगा।

दिन का तापमान 29.7 (सामान्य डिग्री और रात तापमान 16.2 (+4) डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया था। शनिवार को इसमें और इजाफा हुआ और 32.6 (+3) डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। खास बात यह यह तापमान इस फरवरी ही नहीं बल्कि सीजन का सबसे ज्यादा है। इसके पूर्व 4 नवम्बर को 31.4 डिग्री सेल्सियस था। शनिवार रात भी ठण्ड नहीं थी।

## निकली भव्य चुनरी यात्रा, मां नर्मदा को चढ़ाई चुनरी

**इंदौर।** खंडवा रोड स्थित ग्राम मेमदी में मां नर्मदा जयंती के अवसर पर चुनरी यात्रा निकाली गई। यात्रा में महिलाएं, बच्चे व बुजुर्गो ने हिस्सा लिया। राजपूत युवा संगठन के उपाध्यक्ष सचिन पटेल ने बताया की चुनरी यात्रा पूरे गांव में भ्रमण कर गांव के समीप तालाब (जिसमें मां नर्मदा का जल समाहित होता है) में विधि विधान से पूजा अर्चना के बाद चुनरी चढ़ाई गई। इस दौरान ढोल- डीजे में ग्रामीण नाचते थिरकते रहे। कार्यक्रम के बाद भंडारे का आयोजन किया गया। इस शुभ अवसर पर सुरेश पटेल, योगेश केलवा, बलराम केलवा, रूपेश वाघमोडे, तुलाराम केलवा, सीताराम मस्करा ,गोपाल केलवा, महेश मस्करा , सुभम गोरा व समस्त ग्रामीण जन शामिल हुए।




## दो साल में कम हो गए गिद्ध

### →पिछली बार 117 थे, अब 83 बचे, ट्रेंचिंग ग्राउंड में घटकर 11, सबसे ज्यादा पेडमी में 33 गिद्ध मिले

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर। इंदौर और आसपास के क्षेत्रों में अब गिद्धों की संख्या काफी कम रह गई है। वन विभाग द्वारा तीन दिनों में इंदौर, महू, मानपुर, चोरल रेंज में गिनती की गई। इस बार करीब 83 गिद्ध मिले हैं जिनमें 28 बच्चे हैं। दो साल पहले 117 मिले थे। गिद्धों की तेजी से कम होती संख्या ने इंदौर में इनके वर्चस्व की चिंता बढ़ा दी है।**



रविवार सुबह ट्रेंचिंग ग्राउण्ड क्षेत्र में गिनती की गई। इसमें 11 गिद्ध मिले डीएफओ महेंद्रसिंह सोलंकी ने बताया कि रविवार को गिनती पूरी हो हई। इस बार पातालपानी में 2 और मेहंदी कुण्ड में 2 गिद्ध मिले हैं। सबसे ज्यादा 33 गिद्ध पेडमी में मिले। इसके पूर्व पिछली गिनती में ट्रेंचिंग ग्राउण्ड में ही 60 से ज्यादा पाए गए थे। फिर यहां कचरा प्लांट आने से इनकी संख्या तेजी से कम हुई। इस बार 11 ही मिले।

इंदौर और आसपास के क्षेत्रों में अब गिद्धों की संख्या काफी कम रह गई है। वन विभाग द्वारा तीन दिनों में इंदौर, महू, मानपुर, चोरल रेंज में गिनती की गई। इस बार करीब 83 गिद्ध मिले हैं जिनमें 28 बच्चे हैं। दो साल पहले 117 मिले थे। गिद्धों की तेजी से कम होती संख्या ने इंदौर में इनके वर्चस्व की चिंता बढ़ा दी है।
रविवार सुबह ट्रेंचिंग ग्राउण्ड क्षेत्र में गिनती की गई। इसमें 11 गिद्ध मिले डीएफओ महेंद्रसिंह सोलंकी ने बताया कि रविवार को गिनती पूरी हो हई। इस बार पातालपानी में 2 और मेहंदी कुण्ड में 2 गिद्ध मिले हैं। सबसे ज्यादा 33 गिद्ध पेडमी में मिले। इसके पूर्व पिछली गिनती में ट्रेंचिंग ग्राउण्ड में ही 60 से ज्यादा पाए गए थे। फिर यहां कचरा प्लांट आने से इनकी संख्या तेजी से कम हुई। इस बार 11 ही मिले।

डीएफओ महेंद्रसिंह सोलंकी के मुताबिक गिनती रेंजर, एसडीओ, डिप्टी रेंजर, वन रक्षकों और एनजीओ द्वारा की गई। गिद्ध वहां पाए जाते हैं, जहां पर अकसर ग्रामीण मृत जानवरों को फेंकते हैं। गिद्धों को करीब से देखने के लिए मृत जानवरों के पास तक जाना पड़ता है। बदबू की वजह से 5 मिनट भी एक स्थान पर खड़े रहना मुश्किल होता है।

एनजीओ वाइल्ड वॉरियर्स के संचालक व बर्ड वॉचर राजेश खाबिया इस बार भी टीम में शामिल थे। उन्होंने बताया कि इंदौर, महू, मानपुर और चोरल रेंज में अलग-अलग टीमों ने गिनती की। ये सभी गिद्ध ईंगिप्शियन प्रजाति के हैं।

### ऐसे की जाती है गिनती

- गिद्ध जहां बैठते हैं, वहां के फोटो लिए जाते हैं। उड़ते और बैठे हुए गिद्धों को भी अलग-अलग गिना जाता है।
- उदाहरण के तौर पर पेडमी में 17 गिद्ध पहले दिन दिखे। दूसरे दिन 20 दिखे तो 17 के आंकड़े को छोड़ दिया जाएगा। तीसरे दिन 25 गिद्ध दिखे तो उसे स्टैंडर्ड माना जाएगा। फिर फोटोग्राफ्स की मदद से भी संख्या निकाली जाती है।
- ऐसा भी होता है कि जिस गिद्ध को एक स्थान पर देखा वह उड़कर दूसरी जगह जाकर बैठ जाए। ऐसी स्थिति में फोटोग्राफ से टेली किया जाता है।

### गिनती इसलिए जरूरी

- पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में गिद्धों की अहम भूमिका है। खाद्य श्रृंखला में ये सबसे ऊपर हैं। गिद्ध मृत प्राणियों के अवशेषों को खाकर पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

### इसलिए कम होती गई संख्या

- गिद्धों की संख्या में गिरावट का प्रमुख कारण रासायनिक दवा है, जो पशुओं के शवों को खाते समय गिद्धों के शरीर में पहुंच जाती है। गिद्धों पर इस दवा के घातक प्रभाव के बाद 2008 में उसे प्रतिबंधित कर दिया गया।

# चार युवा बने जैन संत, आचार्य जी से दीक्षा लेकर साधु जीवन मे प्रवेश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। शहर में बिराजमान श्वेताम्बर जैनाचार्य श्री विजयराज जी महाराज द्वारा चार युवाओं युवाओं मुमुक्षु सुश्री दीपासना जी चौपड़ा, मुमुक्षु श्री अक्षय जी सहलोत, मुमुक्षु श्री सूरज जी काँकरिया, मुमुक्षु श्री मोहित जी सखलेचा को जैन दीक्षा प्रदान करके अपने अपने शिष्य मंडल में दीक्षित किया। आज बास्केटबॉल काम्प्लेक्स में सादगीपूर्ण समारोह में हजारों समाजजनों की उपस्थिति में आचार्य जी द्वारा चारों युवाओं को जैन साधुत्व का चोला प्रदान किया गया। परंपरा अनुसार आचार्य जी द्वारा नवदीक्षित संतों का नामकरण किया गया ।**


यह फोटो दिक्षा पूर्व का है ।

आज दीक्षा लेने वाले युवाओं के नामकरण-आज दीक्षा लेने वाले सूरज जी अब सन्त सूर्यप्रभ जी महाराज के नाम से , अक्षय जी संत अक्षयप्रभ जी महाराज के नाम से जाने जाएंगे , मोहित जी - संत मोहजीतप्रभ जी महाराज तथा बहिन दीपासना जी - साध्वी दीपप्रभा श्री जी के नाम से जाने जायगे। अब ये चारों युवा जैन साधुत्व के साथ संत जीवन यापन करके आत्मकल्याण और धर्म जागरण पथ पर आगे बढ़ेंगे।

दीक्षा समारोह बास्केटबॉल कॉम्प्लेक्स में आयोजित धर्मसभा में सभी दीक्षा लेने वाले युवा केश लोचन एवं साधु वस्त्र धारण करके अपने आचार्य श्री विजयराज जी , उपाध्याय श्री जितेश मुनि जी महाराज के समक्ष शिष्य रूप में पहुंचे। उसके बाद प्रभु महावीर द्वारा बतलाई गई शास्त्रीय परंपरा अनुसार गुरु द्वारा जैन दीक्षा प्रदान की गई।

शांतक्रान्ति जैन संघ के मीडिया प्रभारी प्रकल्प जैन ने बताया कि पांच दिवसीय दीक्षा महोत्सव के माध्यम से श्रद्धालुओं द्वारा संत जीवन मे प्रवेश करने जा रहे चारों दीक्षार्थियों का सम्मान एवं आभार व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी गई। धर्मसभा में राजनांदगांव, छत्तीसगढ़ से आये युवा मंथन छाजेड़ द्वारा जैन दीक्षा लेकर आचार्यजी के सानिध्य में मुनि बनने का संकल्प प्रस्तुत किया,जिसकी उनके परिवार द्वारा अनुमति प्रदान की गई। शीघ्र ही श्री मंथन छाजेड़ भी दीक्षा लेकर जैन मुनि बनेंगे। धर्मसभा का संचालन श्री बादल चोरडिया ने किया।

वन्दनीय विरक्ति दीक्षा समिति के संयोजक संजीव लोढ़ा ने बताया कि दीक्षा लेने के बाद जैन साधु जीवन मे भौतिक सुविधाओं को त्याग कर तप साधना से मोक्ष मार्ग की ओर अग्रसर होने का लक्ष्य रखते हैं। इसी क्रम में संघ की परंपरा अनुसार साधु दीक्षा के पश्चात फोटो , वीडियो आदि नहीं लिए जाते। अतः दीक्षार्थियों के सभी फोटो दीक्षा पूर्व के ही हैं।

शांतक्रान्ति जैन संघ के मंत्री सुशील भंडारी ने दीक्षा समारोह में पधारें अथितियों, समारोह में सहयोग देने वाली सभी संघ, संस्थाओं का आभार व्यक्त किया।

## वैश्य महासम्मेलन म.प्र. ने रखी शोकसभा

### वैश्य महासम्मेलन की ओर से विद्यासागर म.सा. के महाप्रयाण पर समर्पित की पुष्पांजलि

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। जैन समाज के तपोनिष्ट और महान संत आचार्य शिरोमणि विद्या सागर महाराज के महाप्रयाण पर वैश्य महासम्मेलन म.प्र. की ओर से शोकसभा का आयोजन किया गया, जिसमें संगठन के प्रदेश महामंत्री अरविंद बागड़ी, धीरज खंडेलवाल, धर्मेश कोठारी, पंकज काबरा, विकास डागा, कैलाशचंद्र खंडेलवाल सहित विभिन्न वैश्य घटकों के प्रतिनिधियों ने दो मिनट का मौन रखते हुए आचार्य विद्या सागर महाराज के महाप्रयाण को न केवल जैन, बल्कि समूचे वैश्य समाज के लिए भी गहन क्षति बताया। संगठन की बैठक में श्वेतांबर जैन समाज के 103 वर्षीय संत दौलत सागर सूरीश्वर म.सा. के महाप्रयाण पर भी श्रद्धा सुमन समर्पित किए गए। इस अवसर पर अरविंद बागड़ी ने वर्ष 2019-20 के दौरान इंदौर आगमन पर आचार्य विद्यासागर महाराज के साथ हुई सौजन्य भेंट को अपने जीवन का दुर्लभ यादगार क्षण बताते हुए उनके श्रीचरणों में पुष्पांजलि समर्पित की।

## छात्रा की बनाई अश्लील फोटो, ब्लैकमेल किया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदैर**। भंवरकुआ में बीएससी की छात्रा को फोटो एडिट कर अश्लील फोटो बनाकर उसे सोशल मीडिया पर प्रसारित कर ब्लैकमेल करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने मामले में फोटो भेजने वाले आईडी वाले युवक के खिलाफ केस दर्ज किया है।

पुलिस के मुताबिक विष्णुपुरी के होस्टल में रहने वाली 19 साल की स्टूडेंट की शिकायत पर प्रिस नाम के इंस्ट्राग्राम आईडी के युवक के खिलाफ ब्लैकमेल करने ओर बदनाम करने के मामले में केस दर्ज किया गया है। पीड़िता ने बताया कि 12 फरवरी के दिन वह रूम पर थी। प्रिंस की इंस्टा आईडी से उसे एक फोटो आया। जिसे एडिट किया गया था साथ ही उसके साथ अपशब्द ओर कुछ अश्लील कमेंट्स लिखकर उसे वायरल करने की बात की गई। छात्रा ने उसे इग्नोर कर दिया। इसके एक दो दिन बाद छात्रा के पास उसकी सहेली दिव्या का कॉल आया। उसने बताया कि उसके कुछ फोटो उसकी आईडी पर आए है। जिसमें अश्लील कमेंट्स किये गए है। इसके बाद उसके दिव्या के भाई आकाश ओर मेरे दोस्त मयंक के पास भी ऐसे फोटो पहुंचे। उन्होंने भी मुझे कॉल कर यह बात बताई। इसी बीच एक वॉट्सएप नंबर ओर प्रिंस नाम के लडक़े द्वारा दो नंबर से मुझे दोस्ती करने ओर बात करने को लेकर टेक्सट मैसेज भेजे गए। पीड़ित छात्रा को इस बात की शंका हुई की मैसेज करने वाला युवक ही छात्रा की आईडी ओर दोस्तो की आईडी पर फर्जी मैजेस कर रहा है। इसके बाद परिवार को रीवा में जानकारी दी और दोस्तो को यह बात बताई। परिवार से बात कर छात्रा ने मामले की शिकायत इंदौर के भंवरकुआ थाने में कर दी।

## पब में विवाद, जमकर हुई मारपीट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। पब में युवती से बात करने पर रईसजादों के दो गुट भिड़ गए। नशे में दोनों पक्षों में मारपीट हुई। बाउंसर हाकी और बेसबाल बैट लेकर टूट पड़े। युवकों को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा गया। घटना उस समय हुई, जब पुलिसकर्मी कांबिंग गश्त कर रहे थे। लसूडिय़ा पुलिस ने दोनों पक्षों के सात लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है।**



घटना द बैरल एंड क्रो क्लब पब की है। पार्टी करने पहुंचा विनय पाहूजा एक युवती से बात करने की कोशिश कर रहा था। पब संचालक गुरप्रीत के बेटे मनीसिंह उर्फ जसप्रीत ने इस पर आपत्ति ली तो विवाद शुरू हो गया। पाहूजा ने कहा कि युवती मेरे साथ पढ़ती थी। उससे मेरी दोस्ती है। हाथापाई की नौबत आई तो विनय ने भाई नयन खत्री, सार्थक डागोर आदि को बुला लिया।

साथियों के साथ पहुंचे युवकों ने पब में घुसने की कोशिश की, लेकिन गुरप्रीत और जसप्रीत ने रोक दिया। आरोप है कि बाउंसर विशाल व अन्य को बुलाया और हाकी-बेसबाल बैट से बुरी तरह पीटा। हमले में चारों युवक घायल हो गए। पुलिस ने सार्थक डागोर निवासी गौतमपुरा (पंढरीनाथ) की शिकायत पर केस दर्ज किया। पब संचालक गुरप्रीत के बेटे मनीसिंह उर्फ जसप्रीत ने भी आरोपी नयन, सार्थक, विनय व अन्य के खिलाफ केस दर्ज किया है।

### मेट्रो रेल कार्पोरेशन के प्रबंध संचालक पहुंचे इंदौर, कहा-

## तय समय में हो काम, विभागों से रखा जाए तालमेल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। मध्य प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के प्रबंध संचालक बनने के बाद सीबी चक्रवर्ती पहली बार इंदौर आए। चक्रवर्ती ने इंदौर मेट्रो कार्यालय में समीक्षा बैठक भी ली। उन्होंने इंदौर मेट्रो रेल कॉरिडोर को देखा और अफसरों से कहा कि अगले साल 17 किलोमीटर लंबाई में ट्रायल होना है। चक्रवर्ती ने कहा कि मेट्रो के काम समय सीमा में हों। इसके अलावा शहर के मध्य हिस्से के कामों के भी लक्ष्य निर्धारित करें। वे काम भी समय पर पूरे हों। जमीन आवंटन की प्रक्रिया होने के बाद देरी नहीं होना चाहिए। चक्रवर्ती ने कहा कि दूसरे विभागों से समन्वय कर मध्य हिस्से में काम करें, क्योंकि वहां भूमिगत ट्रेक बनना है।भोपाल से इंदौर पहुंचे प्रबंध



संचालक ने सबसे पहले गांधीनगर स्थित मेट्रो डिपो का मुआयना किया। उन्होंने डिपो में निर्माणाधीन प्रशासनिक भवन, रिपेयर बे लाइन, ट्रांसमिशन सिस्टम आदि के संबंध में जानकारी ली। इसके बाद वे मेट्रो स्टेशनों का देखने गए। मेट्रो कोच को भी उन्होंने देखा। इसके बाद चक्रवर्ती ने इंदौर मेट्रो कार्यालय में समीक्षा बैठक भी ली। अफसरों ने उन्हें बताया कि पिछले साल छह किलोमीटर का ट्रायल रन हो चुका है। इस साल रेडिसन चौराहा तक ट्रायल रन होगा। मध्य हिस्से में जो भूमि मेट्रो कॉर्पोरेशन ने मांगी है, उसके आवंटन का काम शुरू हो चुका है। बैठक के दौरान वे अब तक हुए निर्माण कार्य से संतुष्ट नजर आए, लेकिन यह भी कहा कि अब आगे के काम समय सीमा में होना चाहिए।

# शादी समारोह पर मधुमक्खियों का हमला

## एक दर्जन से ज्यादा मेहमान घायल, दो आईसीयू में भर्ती

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**गुना।** गुना शहर के एक मैरिज गार्डन में शादी समारोह में आए लोगों पर मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। हादसे में वर और वधु पक्ष के एक दर्जन से ज्यादा लोग घायल हो गए। दो लोग गंभीर हैं, जिन्हें निजी अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार शहर कस्तूरी गार्डन में अग्रवाल परिवार की बेटी की शादी थी। पुरानी गल्ला मंडी की रामलीला समिति के अध्यक्ष प्रमोद अग्रवाल के बेटी की शादी थी। शनिवार को वर और वधु पक्ष के लोग मैरिज गार्डन पहुंच गए थे। आज शाम को शादी समारोह होना है। शनिवार को शादी के कार्यक्रम चल रहे थे। इसी दौरान अचानक दोपहर में मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। इसका एक वीडियो भी सामने आया है।

वधु के पिता प्रमोद अग्रवाल ने बताया कि गार्डन में मधुमक्खियों के 20-25 छत्ते लग रहे हैं। गार्डन संचालकों से कहा भी कि इससे कोई घटना हो सकती है, लेकिन उन्होंने कहा कि ऐसे में ही शादी करनी पड़ेगी। शनिवार को मधुमक्खियों ने मेहमानों पर हमला कर दिया। उनके हमले में दोनों पक्षों के कई मेहमान घायल हो गए। चार मेहमानों को आईसीयू में भर्ती कराना पड़ा। इस हमले का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमे मधुमक्खियों के हमले से मेहमान अपने आप को बचाते नजर आ रहे हैं। जमीन पर लेटकर वह अपने आप को बचा रहे हैं। इस हमले में एक दर्जन से ज्यादा मेहमान घायल हो गए। इलाज के लिए उन्हें एक निजी अस्पताल में भर्ती करना पड़ा। उपचार के बाद अधिकतर घायलों को डिस्चार्ज कर दिया गया। दो लोग अभी आईसीयू में भर्ती हैं। वधु पक्ष के लोगों का कहना है कि शादी समारोह हो जाये, उसके बाद शिकायत करेंगे।

# 2 लाख की चोरी, 98 दिन बाद एफआइआर

## हेल्पलाइन, एसपी से शिकायत, 20 बार थाने के चक्कर काटे; ठ्ठक बदले तो केस दर्ज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भिंड। भिंड में 18 अक्टूबर 2023 का दिन.. एक युवक की बाइक से 1.87 लाख की दिनदहाड़े चोरी होती है। एफआइआर कराने दो बार सीएम हेल्पलाइन में शिकायत, एसपी और 20 बार थाना के चक्कर लगाए। जब थाने के टीआई बदले तो चोरी के 98 दिन बाद मामला दर्ज हो सका।**

एफआइआर कराने को लेकर दोनों टीआई और फरियादी के भी अलग-अलग तर्क हैं। पुराने टीआई का कहना है कि वह मामला दर्ज करना चाहते थे, फरियादी खुद ही नहीं चाहता था। नवागत टीआई का कहना है कि मामला पुराना है, लेकिन जैसे ही इसकी जानकारी मिली उन्होंने चोरी की एफआइआर दर्ज करवा दी। वहीं, फरियादी का आरोप है कि उसे एफआइआर कराने के लिए 98 दिनों का संघर्ष करना पड़ा, तब जाकर मामला दर्ज हो सका।

### फरियादी की जुबानी जानते हैं 98 दिनों के संघर्ष की पूरी कहानी

भिंड जिले के मिहोना थाना क्षेत्र के अचलपुरा गांव में रहने वाले वीरसिंह यादव के बाइक में रखे 1.87 लाख रुपए अज्ञात चोरों ने पार कर दिए थे। उन्होंने रिपोर्ट मिहोना थाने में लिखाना भी चाही। पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट 98 दिन तक नहीं लिखी। पीड़ित ने एक बार सीएम हेल्पलाइन लगाई तो पुलिस ने दबाव बनाकर वापस करवा दी। फरियादी को अपनी रिपोर्ट थाने में दर्ज कराने के लिए ऐड़ी-चोटी का जोर लगा दिया। जब उसकी फरियाद की सुनवाई नहीं हुई तो उसने दूसरी बार सीएम हेल्पलाइन लगाई। चोरी की रिपोर्ट के लिए पीड़ित को लंबे समय तक सरकारी सिस्टम से लड़ाई लड़नी पड़ी, तब जाकर मामला दर्ज हो सका।

### पुलिस ने कहा, चार-पांच दिन बाद होगी रिपोर्ट

वीरसिंह का कहना है कि पुलिस ने मौका-मुआयना करने के बाद मामले को टाल दिया। इस दौरान उन्होंने यह कहते हुए टाल दिया कि तीन-चार दिन में रिपोर्ट लिख ली जाएगी। इसके पांच दिन बाद थाने पहुंचा, फिर मुझे चार से पांच दिन का आश्वासन दे दिया। इसके बाद मैं थाने जाता तो टीआई मेरी बात सुनते और किसी भी जवान को बोलते कि इनकी बात सुन लो। इसके बाद थाने का एक जवान बात सुनता और कह देता अभी आप जाइए मैं पड़ताल करवाता हूं। इस तरह तीन से चार बार चला। ऐसा कई बार चला, पुलिस वालों को फरियाद सुनाते और अनसुना कर वापस भेज देते।

मैं समझ गया कि पुलिस मेरी रिपोर्ट लिखने वाली नहीं है। इसके बाद मैंने सीएम हेल्पलाइन लगा दी। करीब डेढ़ महीने बाद पुलिस ने जबरन सीएम हेल्पलाइन वापस करवा दी और कहा कि तुम्हारी रिपोर्ट लिख ली जाएगी। इस पर मुझे विश्वास हो गया कि अब मेरी फरियाद सुनी जाएगी। इसके बाद फिर मैं थाने पहुंचा तो कोई सुनवाई करने को तैयार नहीं।

**भाजपा के राष्ट्रीय अधिवेशन में सीएम डॉ. यादव बोले-**

# ओबीसी की बात करने वाली कांग्रेस ने चौधरी चरण सिंह की सरकार गिराने का पाप किया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दिल्ली में भाजपा के राष्ट्रीय अधिवेशन को संबोधित करते हुए कहा कि मैं जहां से आता हूं वह बाबा महाकाल की नगरी है और भगवान श्री कृष्ण ने जहां शिक्षा ग्रहण की। आज की राजनीति में जिस प्रकार से गृहमंत्री जी ने अपनी पूरी राजनीतिक यात्रा में गृहमंत्री का रोल अदा किया। उससे हमने ये एहसास किया है कि वास्तव में भगवान श्री कृष्ण के सच्चे अर्थों में शिष्य के नाते से जो शासन व्यवस्था के सूत्र चाहिए, वह सारे सूत्र हमको दिखाई देते हैं। मैं अत्यंत आनंद के साथ इस प्रस्ताव का समर्थन करता हूं। उन्होंने कहा कि भाजपा देश की आशा और विपक्ष की हताशा है।

सीएम ने कहा कि उज्जैन की एक और व्यवस्था है। प्रत्येक 12 साल बाद उज्जैन में कुंभ मेले का एक बार आयोजन होता है। केवल उज्जैन ही नहीं यह हमारे देश के चार नगरों में होता है। उन चारों नगरों में ऐसा माना जाता है कि देव-दानव मिलकर समुद्र मंथन करके उस समुद्र मंथन से अमृत की प्राप्ति लेते हैं। काल के प्रवाह में हम उस घटना को केवल स्मरण करें लेकिन आज के इस राजनीतिक दौर में भी दो दल दिखाई देते हैं और उन दो दलों में से एक दल वह है जिनके बारे में माननीय यशस्वी गृहमंत्री जी ने विस्तार से बात कही है। सीएम ने कहा कि वह न केवल परिवारवाद की बात करते हैं, आतंकवाद से लेकर सारे मामलों में जिस प्रकार की उनकी दृष्टि होती है। सीएम ने कहा कि मैं एक किसान और मजदूर परिवार से हूं। परिवार में खेती है। एक छोटा सा उदाहरण से अपनी बात रखता हूं कि जैसे खेत के अंदर एक पुतला खड़ा कर दो और उस पुतले के आधार पर पशु-पक्षी भ्रम में रहते हैं कि अब इस फसल को नुकसान नहीं करना है। ये जो पुतला खड़ा करके किसान अपने उद्देश्य की प्राप्ति करता है, वह फसल बचाने का प्रयास करता है। दुर्भाग्य से यह घमंडिया गठबंधन ऐसा पुतला खड़ा करके इसकी आड़ में वह गरीब, ओबीसी, आदिवासी और अल्पसंख्यक हित की बात करेंगे, लेकिन भला किसी भी वर्ग का नहीं करेंगे। सीएम ने कहा कि वह केवल भ्रम के आधार पर वो पुतला खड़ा करने का काम करते हैं। उन्होंने ओबीसी की बात करके चौधरी चरण सिंह की सरकार को गिराने का पाप किया। उन्होंने ओबीसी की बात करके देवगौड़ा जी की सरकार को गिराने का पाप किया। हमारा यह राष्ट्रवादी दल जिसने सम्पूर्ण देश की बात की लेकिन अति पिछड़े व्यक्ति को भी प्रधानमंत्री को मौका देने का अवसर मिला तो हमने सबके सामने उदाहरण पेश किया। जिसके माध्यम से हमने अति पिछड़े परिवार से देश का प्रधानमंत्री दिया।

# रेलवे स्टेशन:स्टॉल पर मुगल बादशाहों की किताबें देख यात्रियों ने की तोड़फोड़, मारपीट

**भोपाल।** भोपाल रेलवे स्टेशन पर शनिवार दोपहर करीब डेढ़ बजे अयोध्याधाम से पुणे जा रही आस्था स्पेशल ट्रेन के कुछ यात्रियों ने तोड़-फोड़ की। उन्होंने स्टेशन के बुक स्टॉल पर रखी मुगल बादशाहों के जीवन से जुड़ी किताबें फाड़ीं और जय-जय श्रीराम के नारे भी लगाए। विरोध करने पर किताब संचालक से मारपीट भी की। इस दौरान स्टेशन पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। यात्री इधर-उधर भागने लगे। आरपीएफ और जीआरपी के जवानों ने यात्रियों को समझाइश देकर वापस ट्रेन में बैठाया। इस कारण ट्रेन 40 मिनट बाद रवाना हो सकी। जानकारी के अनुसार, 1350 यात्रियों को अयोध्याधाम में रामलला के दर्शन करवाने के बाद आस्था स्पेशल ट्रेन पुणे लौट रही थी। ट्रेन शेड्यूल के अनुसार, भोपाल स्टेशन पर दोपहर डेढ़ बजे पहुंची। उसे यहां से पौने दो बजे रवाना होना था। इसी दौरान उसके कोच नंबर एस-11, 12 व 13 में सवार कुछ यात्री प्लेटफॉर्म नंबर-1 पर उतरे और हंगामा किया।

**विद्यासागर महाराज की समाधि**

# आचार्यश्री की प्रेरणा से भोपाल में बन रहा जैन मंदिर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** राष्ट्रीय संत दिगंबर मुनि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज ने अपना शरीर त्याग दिया है। उन्होंने छत्तीसगढ़ के डोंगरगढ़ स्थित चन्द्रगिरि तीर्थ में शनिवार-रविवार की मध्यरात्रि 2:35 बजे समाधि ली। रविवार दोपहर पंचतत्व में विलीन हो गए। प्रदेश सरकार ने आचार्यश्री के सम्मान में आधे दिन का राजकीय शोक घोषित करते हुए सभी सांस्कृतिक कार्यक्रम रद्द कर दिए हैं। सरकार की ओर से कैबिनेट मंत्री चैतन्य काश्यप, संत विद्यासागर के समाधि कार्यक्रम में शामिल हुए। वर्ष 2016 में आचार्यश्री विद्यासागरजी महाराज का भोपाल में चातुर्मास हुआ था। उन्हीं की प्रेरणा से एमपी नगर में जैन मंदिर का निर्माण हो रहा है।

### आचार्यश्री ने 2016 में भोपाल में किया था चातुर्मास

आचार्यश्री का भोपाल में प्रथम आगमन महावीर जयंती के अवसर पर अप्रैल 2002 में हुआ था। तब यहां 17 से 25 अप्रैल तक उनके लाल परेड मैदान समेत कई स्थानों पर प्रवचन हुए थे। इसके बाद उनका आगमन 9 दिसंबर 2003 में हुआ। टीटी नगर दशहरा मैदान में पंचकल्याणक और चौक दिगंबर जैन मंदिर में शिखर कलशारोहण उन्हीं के सान्निध्य में हुआ था।

तीसरा आगमन उनका 18 जुलाई 2016 को हुआ था। उन्होंने यहां चातुर्मास किया था। विद्यासागर महाराज भोपाल आए थे। उन्होंने भानपुर से सुबह छह बजे विहार प्रारंभ किया था। नमोस्तु-नमोस्तु के जयघोष के बीच जगह-जगह उनपर पीले चावल की वर्षा की गई थी। आचार्यश्री करीब 15 किलोमीटर पदविहार करते हुए पौने दो घंटे में हबीबगंज जैन मंदिर पहुंचे थे।

### भोपाल में बन रहा देश का सबसे ऊंचा जैन मंदिर

रानी कमलापति स्टेशन के नजदीक लाल पत्थर से दिगंबर जैन मंदिर का निर्माण हो रहा है। इसका निर्माण कार्य विद्यासागर महाराज की प्रेरणा से 2015 में शुरू किया गया। ये देश में सबसे ऊंचा जैन मंदिर होगा। इसकी ऊंचाई करीब 153 फीट होगी। इसी मंदिर में संत श्री विद्यासागर महाराज ने चातुर्मास किया था। इस मंदिर को पूरी तरह से तैयार करने के लिए 2024 तक की समय सीमा निर्धारित की गई है। निर्माण प्रक्रिया पूरी होने के बाद यह जैन समुदाय का प्रमुख धार्मिक स्थल होगा। मंदिर परिसर में ही जैन आचार्य-मुनियों के निवास के लिए संत निवास, प्रवचन सभागार, छात्रावास, पुस्तकालय और स्वास्थ्य की देखभाल के लिए डिस्पेंसरी भी बनेगी। मंदिर का डिजाइन दिल्ली में अक्षरधाम बनाने वाले अहमदाबाद के आर्किटेक्ट वीरेंद्र त्रिवेदी ने तैयार किया है।

**मध्यप्रदेश में शोक की लहर-** विद्यासागर जी महाराज के समाधि की खबर से भोपाल सहित पूरे प्रदेश में शोक की लहर है। लोग विद्यासागर महाराज के सानिध्य और प्रदेश में जहां-जहां उन्होंने प्रवास किया उन दिनों को याद कर रहे हैं।

New Delhi

# मोदी सरकार ने किसानों को ऐसा क्या ऑफर दिया कि शांत बैठ गए, 5 साल के लिए है प्लान

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** सरकार और आंदोलनकारी पंजाब के किसानों के बीच रविवार को देर रात तक मीटिंग चली। इस मीटिंग से अभी कोई ठोस नतीजा नहीं निकल सका है, लेकिन किसानों के आंदोलन से तात्कालिक राहत जरूर मिल गई है। इसकी वजह यह है कि सरकार की ओर से MSP को लेकर 5 साल का एक प्लान किसानों को दिया गया है। अब किसान संगठनों का कहना है कि हम इस प्रस्ताव पर विचार करेंगे और दो दिन बाद इसे लेकर कोई फैसला लेंगे। इस तरह किसान अब पंजाब एवं हरियाणा को जोड़ने वाले शंभू और खनौरी बॉर्डर पर ही डटे रहेंगे और दिल्ली-एनसीआर के लिए फिलहाल राहत है।



सरकार ने किसानों को जो प्रस्ताव दिया है, उसके तहत अगले 5 साल के लिए कुछ फसलों की MSP पर खरीद की गारंटी दी जाएगी। यही नहीं इस स्कीम के तहत कोई लिमिट नहीं होगी और किसान जितना चाहें, उतना बेच सकते हैं। अब इसी प्रस्ताव को लेकर किसानों का कहना है कि हम अगले दो दिन तक इसका अध्ययन करेंगे। खुद केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने बताया कि जो प्रस्ताव दिया गया है, उसके तहत एजेंसियां किसानों के साथ एक करार करेंगी। इसके तहत अगले 5 सालों तक उनके उत्पादों की खरीद की जाएगी और उसकी कोई लिमिट भी नहीं होगी। प्रस्ताव के अनुसार, 'नेशनल कॉपरेटिव कंज्यूमर फेडरेशन और नेफेड की ओर से उन किसानों के साथ एक करार किया जाएगा, जो तूर दाल, उड़द दाल, मसूर दाल और मक्का की पैदावार करेंगे।

New Delhi

## आज भी ईडी के सामने पेश नहीं होंगे सीएम केजरीवाल, AAP ने बताई वजह

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** दिल्ली के मुख्यमंत्री और आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल आज उत्पाद शुल्क नीति मामले में चल रही जांच में शामिल नहीं होंगे। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने छठी बार समन जारी कर 19 फरवरी को पेश होने के लिए कहा था। आम आदमी पार्टी ने कहा कि ईडी के समन की वैधता का मामला अब कोर्ट पहुंच गया है। समन को लेकर एजेंसी खुद कोर्ट गई हुई है। ईडी कोर्ट के फैसला का इंतजार करे। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को दिल्ली उत्पाद शुल्क नीति मामले में चल रही जांच में शामिल होने के लिए छठी बार समन जारी किया था और 19 फरवरी को पेश होने के लिए कहा था। इससे पहले भी ईडी पांच समन भेज चुकी है, जिसे मुख्यमंत्री ने नजरअंदाज कर दिया था। ईडी ने 2 फरवरी, 17 जनवरी, तीन जनवरी, 21 दिसंबर और दो नवंबर को केजरीवाल को समन भेजा था, लेकिन दिल्ली सीएम पेश नहीं हुए थे। इससे पहले आम आदमी पार्टी (आप) ने कहा कि केजरीवाल ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को दिए जवाब में पूछा कि यदि वह आबकारी नीति से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपी नहीं हैं, तो उन्हें समन क्यों जारी किया गया।

New Delhi

## पहाड़ों पर बर्फबारी, दिल्ली में तीन दिन बारिश का अलर्ट, क्या मौसम बदलने के साथ लौटेगी ठंड?

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** फरवरी के दूसरे सप्ताह से ही देश भर के विभिन्न राज्यों में ठंड लगभग खत्म हो गई है. इस बीच मौसम विभाग ने कहा है कि वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के चलते दिल्ली समेत उत्तर भारत के कई राज्यों में बारिश हो सकती है, जिसके कारण आने वाले दिनों में अधिकतम तापमान में गिरावट देखने को मिल सकती है. वहीं, हिमाचल प्रदेश में बर्फबारी हो रही है. पहाड़ों पर बर्फ गिरने से उत्तर भारत में एक बार फिर ठंडी हवाएं चलने की संभावना है.

मौसम विभाग (IMD) के मुताबिक, दिल्ली में 19 फरवरी से 21 फरवरी के बीच गरज-चमक के साथ बारिश हो सकती है. उसके बाद 22 फरवरी से मौसम साफ होने लगेगा और गर्मी बढ़ने लगेगी. IMD के अनुसार, इस पूरे हफ्ते देश की राजधानी दिल्ली का न्यूनतम तापमान 8 से 11 डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकता है. वहीं, अधिकतम तापमान 23 से 26 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है.

मौसम पूर्वानुमान एजेंसी स्काईमेट के मुताबिक, पश्चिमी विक्षोभ मध्य क्षोभमंडलीय पश्चिमी हवाओं में एक गर्त के रूप में अपनी धुरी के साथ 5.8 किमी ऊपर औसत स्तर पर लगभग 30 उत्तर अक्षांश के उत्तर में 51 डिग्री पूर्व देशांतर के साथ चल रहा है. वहीं, एक प्रेरित चक्रवाती परिसंचरण मध्य पाकिस्तान पर स्थित है और औसत स्तर से 1.5 किमी ऊपर है. मौसम विभाग की मानें तो 22 फरवरी तक जम्मू कश्मीर, लद्दाख, गिलगित-बाल्टिस्तान, मुजफ्फराबाद, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में व्यापक रूप से हल्की से मध्यम बारिश और बर्फबारी के साथ कुछ भारी बारिश और बिजली गिरने की संभावना है.

Rajasthan

### बीहड़ में बीफ मंडी, ऑनलाइन डिलीवरी...

## खुलासा होने पर दारोगा समेत 38 पुलिसकर्मी लाइनहाजिर, 4 सस्पेंड

**जयपुर, (एजेंसी)** गांव, बीहड़ों में खुलेआम बीफ मंडी चलाने और गोकशी करने के मामले में राजस्थान के जयपुर रेंज के आईजी ने तगड़ा एक्शन लिया है. आईजी उमेश चंद्र दत्ता ने पहले तो क्षेत्र मुआयना किया फिर लापरवाही बरतने पर अपने ही विभाग पर बड़ी कार्यवाही की. आईजी ने निष्पक्ष जांच के लिए किशनगढ़बास थाने के SHO दिनेश मीणा समेत 38 पुलिसकर्मियों को लाइन हाजिर कर दिया है. जबकि, इस मामले में प्रारंभिक तौर पर संलिप्त पाए जाने पर चार पुलिसकर्मी- ASI ज्ञानचंद, हेड कॉन्स्टेबल रघुवीर, बीट कॉन्स्टेबल स्वयं प्रकाश और रविकांत को निलंबित कर दिया गया है.

दरअसल, आईजी उमेश चंद्र दत्ता ने देर शाम क्षेत्र का दौरा कर एसएचओ और थाने को लाइन हाजिर किया. साथ ही 4 पुलिसकर्मियों को निलंबित करने के आदेश जारी कर दिए. इस मामले की निष्पक्ष जांच के लिए कोटपुतली बहरोड़ जिले के एएसपी नेमीचंद को मामले की जांच सौपी गई है. पुलिस ने सर्च ऑपरेशन चलाकर मौके से 12 बाइक और एक पिकअप भी बरामद की है. इसके अलावा गोवंश भी बीहड़ से बरामद किया गया है. आईजी उमेश चंद्र दत्त ने बताया कि उन्होंने खुद तीन-चार अलग-अलग जिलों से एसपी के नेतृत्व में रूंध गीदावड़ा गांव में सर्च ऑपरेशन चलाया , जहां रात 9:00 बजे तक पुलिस का सर्च कॉम्बिंग जारी रही.

बकौल आईजी- उन्होंने किशनगढ़बास थाने के पूरे स्टाफ को लाइन हाजिर कर दिया है. मौके पर मिले गोकशी के सबूत का वैज्ञानिक परीक्षण कराया जा रहा है. इस मामले की तह तक जांच की जाएगी और जो भी इस गिरोह में शामिल है उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी.

खेल

## भारत ने राजकोट में रचा इतिहास, टेस्ट में भारत की अब तक सबसे बड़ी जीत, सीरीज में 2-1 की बढ़त हासिल की

**राजकोट।** इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट की सीरीज का तीसरा मुकाबले भारत ने 434 रन से जीत लिया है। इसी के साथ टीम इंडिया ने सीरीज में 2-1 की बढ़त हासिल कर ली है। राजकोट में खेले गए मुकाबले की पहली पारी में भारतीय टीम ने 445 रन बनाए। इसके जवाब में इंग्लैंड की टीम पहली पारी में 319 रन बना सकी। भारत को 126 रन की लीड मिली। दूसरी पारी में भारत ने 430 रन बनाकर पारी घोषित कर दी और बेन स्टोक्स की टीम को 557 रन का लक्ष्य थमाया। इसका पीछा करने उतरी इंग्लैंड की टीम 122 रन बनाकर ऑलआउट हो गई।

राजकोट में खेले गए टेस्ट मुकाबले में भारत ने सबसे बड़ी जीत दर्ज की है। इससे पहले न्यूजीलैंड के खिलाफ 2021 में खेले गए मैच में भारत ने 372 रन से जीत दर्ज की थी। वहीं, 2015 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भारत ने 337 रन से मुकाबला अपने नाम किया था।



2016 में टीम इंडिया ने न्यूजीलैंड को 321 रन से मात दी थी। इसके अलावा 2008 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत ने मोहाली में 320 रन से जीत दर्ज की थी।

**भारत के खिलाफ इंग्लैंड की दूसरी सबसे बड़ी हार-** भारत के खिलाफ तीसरे टेस्ट में इंग्लैंड को 434 रन से शिकस्त मिली। बेन स्टोक्स की अगुवाई वाली टीम की ये दूसरी सबसे बड़ी हार है। 1934 में ऑस्ट्रेलिया ने 562 रन से इंग्लैंड को हराया था। 1934 में खेले गए इस मुकाबले में इंग्लैंड की ये अब तक की सबसे बड़ी हार है। इंग्लैंड की तीसरी बड़ी हार वेस्टइंडीज के खिलाफ थी। 1976 में मैनेचेस्टर में खेले गए मुकाबले में इंग्लिश टीम को 425 रन से शिकस्त मिली थी। 1948 में ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को 409 रन से हराया था। वहीं, 2015 में ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को एक बार फिर 405 रन से हराया। ये इंग्लैंड की पांचवीं सबसे बड़ी हार थी।

**मेजबानों ने इंग्लैंड को थमाया 557 रन का लक्ष्य** भारत ने दूसरी पारी चार विकेट पर 430 रन बनाकर घोषित कर दी और इंग्लैंड को 557 रन का लक्ष्य थमाया। यशस्वी जायसवाल 236 गेंद पर 14 चौके और 12 छक्के बनाकर नाबाद रहे। वहीं, सरफराज ने 72 गेंद में छह चौके और तीन छक्के की मदद से 68 रन की पारी खेली। दोनों के बीच नाबाद 158 गेंद में 172 रन की तूफानी साझेदारी हुई। इससे पहले भारत की दूसरी पारी में चौथे दिन शुभमन गिल 91 रन और कुलदीप यादव 27 रन बनाकर आउट हुए थे। वहीं, शनिवार को रोहित शर्मा 19 रन और रजत पाटीदार खाता खोले बिना आउट हुए थे। इंग्लैंड की ओर से रूट, हार्टले और रेहान को एक-एक विकेट मिला।

**122 रनों पर सिमटा इंग्लैंड-** दूसरी पारी में बैजबॉल के लिए मशहूर इंग्लैंड की टीम कुछ खास प्रदर्शन नहीं कर पाई। मार्क वुड के अलावा कोई भी बल्लेबाज 20 रन से अधिक का स्कोर नहीं तैयार कर पाया। जैक क्रॉली 11 और बेन डकेट चार रन बनाकर आउट हुए। कप्तान बेन स्टोक्स सिर्फ 15 रन बना सके।

सिनेमा

## 'एनिमल' में रणबीर कपूर के कैरेक्टर पर शैलेश लोढ़ा ने कसा तंज, कहा- किसने कहा 'अल्फा मेल' रोता नहीं मैं तो...



टीवी का फेमस शो 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' बीते दिनों कई विवादों को लेकर खबरों में छाया रहा। इस शो में तारक मेहता का किरदार निभाने वाले शैलेश लोढ़ा ने जब इस शो को अलविदा कहा तो दर्शक काफी निराश हुए थे। शो से बाहर जाने के बाद शैलेश अपने बयानों के चलते खूब सुर्खियां बटोर रहे हैं। शैलेश हमेशा से ही अपने बेबाक अंदाज के लिए जाने जाते हैं। वो टीवी-फिल्म इंडस्ट्री समेत पॉलिटिकल इशुज पर बेबाकी से अपनी राय रखते हैं। ऐसे में अब उन्होंने रणबीर कपूर की फिल्म 'एनिमल' पर तंज कसा है।

शैलेश लोढ़ा हाल ही में आजतक के कार्यक्रम में शामिल हुए थे। इस दौरान उन्होंने कई मुद्दों पर खुलकर अपनी राय रखी। ऐसे में शैलेश ने पिछले साल रिलीज हुए डारेक्टर संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म 'एनिमल' पर कटाक्ष किया। हालांकि, पहले भी इस फिल्म की कहानी और डायलॉग को लेकर काफी विवाद हो चुका है। ऐसे में अब शैलेश लोढ़ा ने रणबीर कपूर के फिल्म में कैरेक्टर अल्फा मेल रणविजय को लेकर तंज कसा। उन्होंने कहा इन दिनों ये अल्फा मेल काफी ट्रेंड कर रहा है कि अल्फा मेल रोते नहीं हैं।

## संपादकीय

# हादसे से सबक लेने की जरूरत

किसी भी हादसे का सबक यह होना चाहिए कि उसके बाद ऐसे इंतजाम हों, जिससे उस तरह की घटना फिर न हो। मगर ऐसा लगता है कि न तो प्रशासन को इस पर गौर करने की जरूरत लगती है और न ही कारोबारियों से लेकर आम लोगों को यह सोचने की जरूरत लगती है कि मामूली लापरवाही की कीमत क्या हो सकती है। दिल्ली के अलीपुर में रिहाइशी इलाके में चल रहे एक पेंट के कारखाने में जिस तरह आग लगी और उसमें ग्यारह लोगों की जान चली गई, वह एक बार फिर यह बताने के लिए काफी है कि हर स्तर पर लापरवाही एक अघोषित व्यवस्था के रूप में चल रही है और उस पर लगाम लगाने की जरूरत किसी को नहीं महसूस होती। इस तरह के किसी भी कारखाने में कई बार ऐसे रसायन और अन्य सामान रखे होते हैं, जो आग लगने और अन्य हादसों के लिहाज से बेहद संवेदनशील होते और किसी भी वक्त बड़ी तबाही का कारण बन सकते हैं। मगर आम लोगों की रिहाइश के बीच ऐसा कारखाना चलाने वालों को सिर्फ अपने मुनाफे से मतलब होता है। विडंबना है कि सभी की आंखें तब खुलती हैं, जब किसी मामूली कोताही की वजह से भयावह हालात पैदा हो जाते हैं, नाहक ही लोगों की जान चली जाती है। वरना हादसे से पहले अग्नि शमन विभाग या अन्य संबंधित महकमों को किसी तरह की जांच करके गैरकानूनी तरीके से चल रहे कारखानों के संचालकों के खिलाफ कार्रवाई करना जरूरी नहीं लगता या फिर मिलीभगत की वजह से हादसों की बड़ी वजहों की भी अनदेखी कर दी जाती है। किसी कारखाने में आग लगने या अन्य हादसे की स्थिति में बचाव के पर्याप्त इंतजाम हैं या नहीं, उसमें प्रवेश करने और बाहर निकलने के रास्ते सुरक्षित और सहज हैं या नहीं, इसे लेकर कारखानों के मालिक व्यापक पैमाने पर लापरवाही बरतते हैं। वहीं प्रशासनिक अमला समय-समय पर जांच-पड़ताल करके अवैध इकाइयों के खिलाफ कार्रवाई करने या फिर सुरक्षा इंतजाम सुनिश्चित कराने को लेकर कई वजहों से आंखें मूंदे रहता है। नतीजतन, अक्सर ऐसे हादसे सामने आते रहते हैं, जिनमें लापरवाही की कीमत नाहक ही आम लोगों को अपनी जिंदगी गंवा कर चुकानी पड़ती है।

**Quote...**

"In this life we cannot do great things. We can only do small things with great love.'

-Mother Teresa

MORARI BAPU



सत्य-प्रेम-करुणा...

**हमारे अन्दर के लोह तत्व को मजबूत रखने के लिए तीन चीजे दी गयी हैं, संयम, तप और श्रम।**

साभार - Chitrakutdham Talgajarda

## सैर सपाटा

# भारत की इन जगहों पर कर सकते हैं हॉट एयर बैलून राइड

रोमांचक गतिविधियों को पसंद करने वाले लोग हर तरह की राइड का आनंद लेना चाहते हैं। इन एक्टिविटीज में से एक है हॉट एयर बैलून राइड। हॉट एयर बैलून राइड विदेशी पर्यटकों के साथ-साथ देशी पर्यटकों के बीच सबसे रोमांचक गतिविधियों में से एक है। इस रोमांचक राइड्स का मजा भारत की कई जगहों पर लिया जा सकता है। यहां जानिए भारत की किन जगहों पर लें हॉट एयर बैलू राइड का मजा-



### →राजस्थान

राजस्थान की राजधानी जयपुर में हॉट एयर बैलून राइड की सवारी की जा सकती हैं। यहां पर इस राइज का मजा लेने के लिए देश और विदेश के पर्यटक पहुंचते हैं। इस राइड के दौरान खूबसूरक नजारों को देखकर मन खुश हो जाएगा। राइड को करने में लगभग 60 मिनट का समय लगता है। जिसे करने के लिए आपको करीबन 4 से 5 हजार रुपये देने होंगे।

### →हिमाचल प्रदेश

हिमाचल प्रदेश के मनाली में हॉट एयर बैलून राइड का आनंद ले सकते हैं। इस राइड के लिए भारत में इससे बेहतरीन कोई जगह नहीं है। यहां भी राइड करीब 60 मिनट की ही लगभग 1 घंटे का होता है।

### →महाराष्ट्र

महाराष्ट्र में घूमने की कई जगह हैं लेकिन यहां रह रहे लोगों के लिए लोनावाला फेवरिट वीकेंड डेस्टिनेशन है। लोनावला में हॉट एयर बैलून की राइड की जा सकती है। यहां बैलून की सवारी लगभग 60 मिनट तक की होती है। और कीमत लगभग 4-5 हजार रुपये होंगे।

### →गोवा

हॉट एयर बैलून राइड का लुत्फ उठाना चाहते हैं, तो गोवा एक बेहतरीन प्लेस है। राइड के दौरान आपको गहरे समंदर का खूबसूरत नजारा देखने को मिलेगा। अक्टूबर से मार्च के महीने में यहां बैलून राइड कर सकते हैं।

### →दार्जिलिंग

हॉट एयर बैलून राइड का लुत्फ उठाना चाहते हैं तो दार्जिलिंग से कोई बेहतरीन जगह नहीं है। बौद्ध मठों, हिमालय की आकर्षित चोटियों और चाय के बागानों को देखने के लिए ये जगह सबसे बेस्ट।

## Highlights

1. **18-year-old NEET aspirant goes missing in Kota, second incident in a week**
2. **Farmer earns ₹1 crore by investing ₹25 lakh in garlic in MP amid price rise**
3. **2-yr-old daughter of nomadic couple abducted in Thiruvananthapuram**
4. **UP police recruitment exam: 2 constables, 20 others arrested**
5. **President Murmu's official visit to Andaman and Nicobar Islands**
6. **2-year-old daughter of Bihar nomadic couple kidnapped in Kerala**
7. **PM Modi in UP; Religious Tourism to Get Major Push**

# How to deactivate Paytm FASTag and buy new one online: Step by step guide

**NEW DEIHI, (Agency).** Paytm FASTags: Highway users have been asked to buy FASTags from 32 authorised banks and not Paytm Payments Bank (PPBL) after the Reserve Bank of India's (RBI) directed Paytm to stop accepting deposits and top-ups from any customers after February 29. This deadline has been extended to March 15 after which Paytm FASTags will not work. But users will be able to close their old FASTag and request for a refund, as per frequently asked questions (FAQs) announced by the RBI.

"It is suggested that you procure a new FASTag issued by another bank before March 15, 2024, to avoid any inconvenience," the FAQs noted.

Paytm FASTags: How can I deactivate my Paytm FASTag?

You can use your mobile number and Tag ID to close existing Paytm FASTag account.

To do the same, call on 1800-120-4210 and mention your mobile number for which




FASTag has been registered.

Include Vehicle Registration Number (VRN) or Tag ID along with it.

Following this Paytm's customer support agent will get in touch.

Is there another way to close Paytm FASTag?

In the Paytm app, tap on the profile icon and click on "Help & Support".

Under "Banking Services & Payments" section, select "FASTag" and click on "Chat with us".

Ask the executive to deactivate the account and the process will be completed.

How to buy a new FASTag online?

Download the "My FASTag" app.

Click on "Buy FASTag" which will lead you to an e-commerce link to buy the tag.

Purchase the FASTag which will then be delivered to you.

OR

In "My FASTag" app, click on "Activate FASTag".

Select Amazon or Flipkart

Enter FASTag ID and enter your vehicle details.

It will then be activated.

OR

FASTags can also be bought from member banks including Airtel Payments Bank, Allahabad Bank, Bank of Baroda, HDFC Bank, ICICI Bank, IDBI Bank, Punjab National Bank, State Bank of India, and Yes Bank.

# Mitsubishi set to enter Indian car market with over 30% stake in TVS Mobility

**NEW DEIHI, (Agency).** Mitsubishi is set to make its debut in India's car sale market this year with a 30 percent in TVS Mobility that operates dealerships in the country. This means that TVS Mobility will spin off its car sales business and Mitsubishi will take a stake of over 30 per cent in the new entity. Nikkei Asia reported that the investment is expected to be between 5 billion to 10




billion yen ($33 million to $66 million). This is still subject to regulatory approvals, it added but Mitsubishi plans to sends its employees to the dealership as soon as the investment is finalised.

What's Mitsubishi's India plan?- The new company which will be created will have dedicated showrooms for each car brand. It will also use TVS Mobility's existing outlets and initially focus on increasing the sales of Honda cars which are already a part of the TVS lineup, the report claimed. Mitsubishi's aim will also be to hold discussions with Japanese automakers to enhance the range of car brands and models offered in India.

What about EVs?- The new company will also offer electric vehicles (EVs) as part of its lineup as Mitsubishi aims to promote them in India. New services such as enabling customers to schedule maintenance appointments and purchase insurance through a smartphone app will also be provided by the company, the report claimed.

# शादी समारोह में नाबालिग ने लिफाफे और अन्य सामान से भरा बैग उड़ाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। पुलिस के लाख प्रयास के बाद भी शहर के धर्मशालाओं, मैरिज गार्डनों में होने वाले विवाह समारोहों में चोरी की वारदातें लगातार बढ़ रही है। अब विजय नगर इलाके में एक शादी समारोह में नाबालिग चोर ने वारदात को अंजाम देते हुए लिफाफे और अन्य सामान से भरा बैग उड़ा लिया। मामले में पुलिस केस दर्ज कर जांच कर रही है।**

पुलिस के अनुसार भेरु लाल पिता गंगाराम परमार,सुखलिया के बेटे निर्मल परमार की शादी का समारोह कस्तूरी सभागृह में चल रहा था। समारोह के दौरान रिश्तेदार फोटो सेशन करवाने लगे। इसी दौरान एक नाबालिग वहां पहुंचा और गिफ्ट-लिफाफे से भरा बैग लेकर वहां से फरार हो गया। कुछ देर बाद परिजनों ने बैग गायब देखा तो सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए। उसमें एक नाबालिग बैग चुराता दिखाई दिया। पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने फुटेज देखे तो ये नाबालिग कुछ अन्य लोगों के साथ दिखाई दिया। इसके आधार पर पुलिस ने एक संदिग्ध को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस ने दावा किया है कि जल्द ही इस मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# तीन पर रासुका में कार्रवाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** जिलाबदर होने के बाद भी दो बदमाश शहर में घूम रहे थे। सूचना मिलने पर पुलिस ने उन्हें पकड़ा और रासुका में कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया, जबकि एक भूमाफिया पर रासुका की कार्रवाई की गई है। परदेशीपुरा पुलिस ने दीपक नामक बदमाश को पकड़ा है। दीपक को जिलाबदर किया गया था इसके बाद भी वह इलाके में घूमता मिला। पुलिस ने उस पर रासुका की कार्रवाई की है। दीपक हिस्ट्रीशीटर है। एरोड्रम पुलिस ने भी विजय उर्फ लाला को आतंक फैलाते गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ पूर्व में भी कई मामले दर्ज हैं। उसके रेकार्ड को देखते हुए उस पर भी रासुका की कार्रवाई की गई है। उधर, कलेक्टर आशीष सिंह ने भू माफिया जफरखान पिता हनीफ,राजकुमार नगर बांक के खिलाफ रासुका की कार्रवाई की है। जफरखान के खिलाफ पूर्व में कई केस दर्ज हैं,उसका रेकार्ड देखते हुए ये कार्रवाई की गई है।

# पत्नी के सामने पति की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। एरोड्रम इलाके में रहने वाले 32 साल के व्यक्ति की साइलैंट अटैक से मौत हो गई। वह अपनी पत्नी के साथ रात में पैदल ही घर से कुछ दूरी पर निकले थे। तभी सीने में दर्द होने लगा। पत्नी ने नजदीक के डॉक्टर को दिखाने की बात कही। इसी दौरान पति सडक़ पर बेसुध होकर गिर गया। आसपास के लोगो की मदद से पत्नी ने उठाया और नजदीक के अस्पताल ले कर पहुंची। फोन पर अपने जीजा को जानकारी दी। कुछ देर बाद पति की मौत हो गई। लेकिन पत्नी और उसकी पांच बहनों को मौत की सूचना नही दी गई।**

पुलिस के मुताबिक घटना पल्हर नगर 60 फीट रोड़ की है। यहां जगदीश (32) पिता मांगीलाल सरेल की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिवार से मिली जानकारी के मुताबिक वह अपनी पत्नी भूमिका के साथ घर से कुछ सामान लेने नजदीक की दुकान पर गया। इस दौरान उसे सीने में दर्द हुआ। पत्नी ने डॉक्टर को दिखाने की बात कही। इसके बाद वह नीचे गिरा और उठा ही नही। पत्नी भूमिका ने दो तीन बार आवाज लगाई। इस दौरान उन्होंने जीजा सुनील को कॉल किया। पत्नी आसपास के लोगो की मदद से उन्हें लेकर गीतंजली अस्पताल पहुंची। यहां जीजा सुनील भी पहुंचे। डॉक्टरो ने जगदीश को एमवाय ले जाने की सलाह दी। यहां उसे मृत घोषित कर दिया

परिवार के मुताबिक जगदीश के माता पिता की पहले ही बीमारी के चलते मौत हो गई। जगदीश पांच बहनों का इकलौता भाई है। दो साल पहले ही उसकी शादी हुई है। रात मे उसकी मौत के बाद पत्नी भूमिका और बहनों को जानकारी नही दी गई। सुबह तक उन्हें इस बारे में कुछ नही बताया गया। परिवार में बहन और पत्नी से कहा गया कि जगदीश का एमवाय में उपचार चल रहा है। डॉक्टरो के मुताबिक सभंवतः जगदीश को साइलैंट अटैक आया है। पोस्टमार्टम के बाद स्थिती स्पष्ट होगी।

## युवती के साथ मारपीट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** राऊ इलाके में एक युवती के साथ मारपीट हुई। उसके रूम पार्टनर ने शराब के नशे में उसे जमकर पीटा है। राऊ थाने में फरियादी टीना चौधरी निवासी बृज विहार कॉलोनी की शिकायत पर उसके रूम पार्टनर यशराज सिंह चौहान निवासी रतलाम के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज किया है। टीना और यशराज एक साथ एक ही कमरे में किराए से रहते हैं। उसने आरोप लगाया कि बीती रात यशराज शराब के नशे में कमरे पर आया और आते ही उसे गालियां देने लगा। उसने अपशब्द कहने से मना किया तो मारपीट शुरू कर दी, इतना ही नहीं आरोपी ने झूमाझटकी करते हुए उसे गिराया और मारपीट की। उसने टीना को नौकरी न करने के लिए भी धमकाया है।

# नाबालिगों ने किशोर को मारे चाकू

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** एक किशोर को कुछ अन्य नाबालिगों ने चाकू मारकर घायल कर दिया। बताया जाता है कि गार्डन में खेलने को लेकर उनके बीच में विवाद हो गया। इस पर आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर किशोर को चाकू से गोद दिया। बडगोंदा पुलिस ने अलराज शेख पिता शेख अजीम निवासी डोंगरगांव की शिकायत पर किशोरों के खिलाफ हत्या के प्रयास का केस दर्ज किया है। आरोपियों ने अरहम पिता वसीम शेख(13) को चाकू मार दिया। परिजनों ने बताया कि खेलने की बात को लेकर उनके बीच में विवाद हो गया था। इसी पर आरोपी ने धमकी दी थी कि वह उसे मारेगा। वह ट्यूशन पढने के बाद में घर से निकला था। वहां से वापस आया तो उसके कपड़े पर खून लगा हुआ था। घर पर आकर बेहोश हो गया इस पर उसे अस्पताल लेकर आए जंहा पर अभी उसका इलाज चल रहा है। परिवार का आरोप है कि मुख्य आरोपी के बारे में पता किया गया तो जानकारी मिली कि वह अपने साथ में चाकू लेकर घूमता है। वह स्कूल में भी चाकू लेकर जाता है। हमले की सूचना पर पुलिस का दल भी अस्पताल पहुंच गया।

## दो बदमाशों ने लूटा युवक का मोबाइल

**इंदौर।** स्कूटी सवार दो बदमाशों ने एक युवक का मोबाइल लूट लिया। खजराना पुलिस ने बताया कि हेमराज पटेल निवासी बफार्नी धाम की शिकायत पर दो अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है । फरियादी ने बताया कि हरे रंग की एक्सेस स्कूटी पर दो बदमाश सवार थे। वह रेडिसन चौराहा सर्विस रोड स्कीम नंबर 94 से गुजर रहा था तभी बदमाश उसके पास आए और हाथ से मोबाइल छीनकर भाग निकले । हेमराज ने पीछा भी किया लेकिन बदमाश फरार होने में कामयाब हो गए। पुलिस ने लूट का केस दर्ज किया है।

# सूने मकान से नकदी जेवरात ले भागे चोर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** सूने घर को चोरों ने निशाना बनाया और नकदी और जेवरात सहित अन्य माल चुरा ले गए। मानस पटेल पिता भूरेसिंह निवासी देवागुराडिया की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है। वह किसी काम से बाहर गए थे इसी दौरान बदमाश घर का ताला तोडक़र अंदर घुस आया वह जब घर पर पहुंचे तो सारा सामान अस्त व्यस्त था। घर का सामान चेक करने पर सोने की एक चेन,दो झुमके,दो कान की बाली, दो अंगूठी, दस मोती सोने के और 50 हजार रूपए चुराकर ले गए। पुलिस अब केस दर्ज कर आसपास के इलाके के सीसीटीवी फुटेज से बदमाशों की तलाश कर रही है।

### यहां पर भी वारदात

इसी प्रकार आनंदराव सोनपुरे पिता करमचंद्र सोनपुरे निवासी गणेशधाम कालोनी के घर मे भी चोरी हो गई। बदमाश उनके घर का ताला तोडक़र अंदर घुस आए। घर से तीन जोड़ सोने के झाले,दो पेंडेंट, दो सोने के हाय,चांदी के जेवर और अन्य सामान चुराकर ले गए। जब वह घर पहुंचे तो इस चोरी का पता चला। इस पर पुलिस में शिकायत की।

### ढाई मिनट में बाइक चोरी

मालवीय नगर से ढाई मिनट में ताला तोडक़र बाइक चुरा ली। घटना का सीसीटीवी सामने आया है, जिसमें चार बदमाश बाइक का ताला तोड़ते नजर आए हैं। वारदात शुक्रवार सुबह 5.50 बजे मालवीय नगर, सी-21 मॉल के पीछे रहने वाले अजय राठौर के साथ हुई। बदमाशों ने सबसे पहले बाइक का प्लग निकाला। फिर वायर को डायरेक्ट जोड़ लिया। इससे बाइक स्टार्ट हो गई और लाइट भी जलने लगी। दो बदमाशों ने हैंडिल लॉक तोडऩे की कोशिश की। इस दौरान एक बदमाश सीट पर बैठा और पैर से हैंडिल पर जोर देता रहा। दूसरा बदमाश अगला टायर अपनी ओर खींचने लगा। करीब एक मिनट में हैंडल लॉक टूट गया। पूरे घटनाक्रम में सिर्फ ढाई मिनट का समय लगा।

# किशोरी से की जबदस्ती, पास्को एक्ट सहित छेड़छाड़ का केस

**इंदौर।** 15 साल की किशोरी से इलाके में रहने वाले आरोपी ने घर में बुलाकर जबदस्ती की। पीडिता की मां ने अपने बेटे के साथ मिलकर आरोपी को घर से पकड़ा। रात में आरोपी के खिलाफ छेड़छाड़ ओर पॉस्को एक्ट सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज किया गया है। एरोड्रम पुलिस के मुताबिक इलाके में रहने वाली 15 साल की लडक़ी की मां की शिकायत पर जयसिंह उर्फ अजय पुत्र गोविंद लोधी के खिलाफ छेड़छाड़ ओर पॉस्को एक्ट सहित अन्य मामले में केस दर्ज किया गया है। पीडिता के परिवार के मुताबिक अजय मूल रूप से देवास का रहने वाला है ओर पीडिता के घर के सामने रहता है। पीडिता की मां ने पुलिस को बताया कि वह सुंदरकांड के आयोजन में घर से बाहर गई। इस दौरान रात 10 बजे के लगभग उनकी बेटी जयसिंह के घर की तरफ जाती दिखी। बेटी को आवाज लगाई तो जयसिंह ने अंदर से दरवाजा बंद कर लिया। तुरंत बेटे को बुलाकर दरवाजा काफी देर तक खटखटया। इसके बाद बेटी को बाहर निकाला तो वह घबराई हुई थी। बेटी ने बताया कि काम का कहकर जयसिंह ने उसे घर में बुला लिया ओर जबदस्ती कपड़े उतारने लगा। इस दौरान रोका तो जान से मारने की धमकी देने लगा। अजय ने पीडिता को अंदर ही बंद कर लिया। पुलिस ने जयसिंह उर्फ अजय को हिरासत में ले लिया है।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 0731-2433667 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक